वार्षिक प्रतिवेदन

ANNUAL REPORT
2017 – 2018

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला–171005

INDIAN INSTITUTE OF ADVANCED STUDY
RASHTRAPATI NIVAS, SHIMLA-171005

अनुक्रमणिका

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ संख्या
	प्राक्कथन	5
	निदेशक की टिप्पणी	7
	पृष्ठभूमि	8
1	प्रशासन	9
2	शोधरत अध्येता	9
3	अकादमिक गतिविधियां	11
	क. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृश्णन स्मृति व्याख्यान	11
	ख. संगोष्ठियां, सम्मेलन तथा कार्यशालाएं	11
	ग. अध्येताओं द्वारा प्रस्तुत साप्ताहिक संगोष्ठियां	56
	घ. अध्येताओं से प्राप्त पाण्डुलिपियां	57
	ङ. आगंतुक प्राध्यापक	58
	च. अतिथि विद्वान	59
	छ. अतिथि अध्येता	59
	ज. मानविकी एवं सामाजिक विज्ञानों के लिए अंतर–विश्वविद्यालय केन्द्र	60
4	पुस्तकालय	64
5	प्रकाशन	65
6	सेल्ज़ एवं जनसंपर्क	67
7	औषधालय	68
8	आंतरिक शिकायत समिति	68
9	सूचना का अधिकार	68
10	अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस	68
11	सतर्कता जागरूकता सप्ताह	69
12	सफाई अभियान	69
13	सम्पदा	69
14	उद्यान	70
15	राजभाषा	71
16	लेखा एवं बजट	72
17	संस्थान के परीक्षित लेखे	73
18	अंतर–विश्वविद्यालय (आईयूसी) केन्द्र योजना के परीक्षित लेखे	110
19	भा.उ.अ.सं. की सोसाइटी, शासी निकाय तथा वित्त समिति की सूची	115

प्राक्कथन

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के वार्षिक प्रतिवेदन 2017–18 का प्राक्कथन लिखना मेरे लिए हर्ष और सौभाग्य का विषय है। यह स्पष्ट है कि इस दौरान संस्थान में कई अकादमिक गतिविधियां आयोजित की गईं और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन किया गया। संस्थान के अकादमिक समुदाय में कई प्रख्यात अध्येता शामिल हुए और पहले से शोधरत अन्य अध्येताओं की भाँति वे भी अपने शोधकार्यों में जुट गए। वर्ष के दौरान विविध विषयों पर अनेक संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। मेरा मानना है कि इससे संस्थान की उच्च प्रतिष्ठा की पुष्टि होती है।

हम केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग के सचिव तथा अधीनस्थ अन्य अधिकारियों की उदार सहायता के लिए उनके अभारी हैं।

मैं तत्कालीन निदेशक, प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी, वर्तमान निदेशक प्रोफेसर मकरंद आर. परांजपे और संस्थान के अन्य अधिकारियों, विशेष रूप से कार्यवाहक सचिव, श्री प्रेम चंद जी का भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण से संस्थान ने परीवीक्षा अवधि के दौरान आदरणीय शिक्षाविद एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रोफेसर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के स्वपन को पूरा करने की दिशा में प्रयास किया। यह श्रेष्ठ कार्य सतत् जारी रहे।

मुझे प्रसन्नता है कि अपने 'संगम–ज्ञापन' में निहित उद्देश्यों की प्राप्ति की ओर संस्थान अग्रसर हो रहा है। 22 जनवरी, 2019 को आयोजित संस्थान की 'शासी निकाय' की बैठक में 'भारतीय सभ्यता केंद्र' स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त, भारतीय सभ्यता और भारतीय ज्ञान प्रणाली से संबद्ध विषयों पर भी विशिष्ट व्याख्यानों तथा संगोष्ठियों का आयोजन किया गया।

मैं प्रार्थना करता हूँ कि आगामी वर्षों में संस्थान और अधिक प्रगति करे।

कपिल कपूर
अध्यक्ष, शासी निकाय
एवं
प्रधान, सोसाइटी

निदेशक की टिप्पणी

20 अक्तूबर 1965 को संस्थान के उद्घाटन अवसर पर प्रोफेसर एस. राधाकृष्णन ने अपने उद्बोधन में कहा था कि वह सब, जो सत्य के रूप में हमारे सामने आया है, क्या वह वास्तव में सत्य है या उसमें किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता है'; इस संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट किया था कि हमें यथास्थिति का दास नहीं बने रहना चाहिए। गौरतलब है कि मानवता को गहनता से प्रभावित करने वाली उन मौलिक अवधारणाओं तथा महत्त्वपूर्ण मुद्दों के अन्वेषण के प्रति श्रेष्ठ विद्वानों को समर्थ बनाने के अपने मूल उद्देश्य के प्रति भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला सदैव प्रतिबद्ध रहा है।

संस्थान अपने प्रतिष्ठित विद्वानों को सभी क्षेत्रों में ज्ञान के क्षितिज का अन्वेषण करने तथा उत्कृष्ट विलक्षणता के साथ परिमार्जन करने के लिए सबसे कीमती बौद्धिक रत्नों को निकालने के लिए प्रोत्साहित करता है। संस्थान में पूर्ण बौद्धिक स्वच्छंदता है जहां विविध विषयों से संबंधित देश–विदेश से आए रिहायशी विद्वान विचारों के अन्वेषण, विमर्श एवं परिचर्चाओं में सम्मिलित होते हैं जोकि हमारे लिए काफी हद तक या पूर्ण रूपेण प्रेरक सिद्ध होते हैं।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला संस्कृति एव सौंदर्य की प्राचीन विरासत का संवाहक है और वर्ष 2017–18 के दौरान इसकी उपलब्धियों और विफलताओं का मूल्यांकन करने पर हमें संगठनात्मक व्यवस्था की सभी विधाओं में आयोजित गतिविधियों के पहलुओं का समीप से अवलोकन करने का अवसर मिलता है। अध्येतावृति कार्यक्रम संस्थान के लिए विशेष महत्त्व रखता है। प्रख्यात और उत्कृष्ट विद्वान अपनी परियोजनाओं पर कार्य करते हैं और अपने शोधकार्यों को प्रकाशित करने के लिए संस्थान में जमा कर देते हैं। मुझे बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रतिवेदन की अवधि के दौरान संस्थान ने बाईस पुस्तकें और तीन पत्रिकाएँ प्रकाशित की हैं। इस दौरान संस्थान ने संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं और अध्ययन सप्ताहों के रूप में बड़ी संख्या में अकादमिक विमर्श और अनुसंधान कार्यक्रम आयोजित किए। इन्फिनिटी फाउंडेशन, संयुक्त राज्य अमेरिका के अध्यक्ष, श्री राजीव मल्होत्रा द्वारा *'वीविंग इंण्डियाज महाकथा (ग्रैंड नैरेटिव) फॉर द 21स्ट सेन्चरी'* विषय पर प्रस्तुत 22वाँ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति व्याख्यान एक बहुत बड़ी सफलता थी। संस्थान में अपने प्रवास के दौरान विभिन्न शैक्षणिक विषयों से संबद्ध अतिथि प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों एवं अतिथि अध्येताओं ने भी विविध विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए।

संस्थान एक प्रभावशाली धरोहर भवन में चलायमान है जिसे पहले वाइसरीगल लॉज के नाम से जाना जाता था, इसके रखरखाव की विशेष आवश्यकता है। अतः शैलीगत विशेषता को ध्यान में रखते हुए इसके रखरखाव के प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को यह जिम्मा सौंपा गया है। स्मारकीय भवन के रखरखाव और जीर्णोद्धार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उद्यान अनुभाग द्वारा संस्थान के सुन्दर बगीचों में विभिन्न प्रकार के फूल–पौधे उगाए जाते हैं जिनकी देखभाल और पर्यवेक्षण की सतत आवश्यकता होती है। इस धरोहर की गौथिक सुन्दरता के साथ–साथ यहां लगे पेड़–पौधे दुनिया भर से आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष रूप से अनुकूल मेजबानी का काम करते हैं। संस्थान का सुन्दर परिवेश विद्वानों को प्रकृति की ओर आकर्षित करता है जिससे दुनिया के बारे में उनकी यांत्रिक अवधारणा को विसामान्यकृत हो जाती है और नई मानवतावादी संवेदनाओं का उद्भव होता है।

अनुसंधान एवं ज्ञान को वैश्विक स्तर पर सांझा करने में जो संस्थान को सफलता मिली है, वह शासी निकाय के अध्यक्ष और सोसाइटी के प्रधान प्रोफेसर कपिल कपूर के सहयोग के बिना संभव नहीं थी। मैं उनके बहुमूल्य सुझावों और सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूँ। संस्थान के अकादमिक तथा प्रशासनिक विकास में यहां के अध्येता व अधिकारी/कर्मचारी मुख्य स्त्रोत के रूप में काम करते हैं। संस्थान को सफल और सकुशल ढंग से गति प्रदान के लिए केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने जो हमें संसाधन और प्रशासनिक सुझाव मुहैया किए हैं उसके लिए मैं मंत्रालय का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

मकरंद आर. परांजपे
निदेशक

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास शिमला-171005

वर्ष 2017–2018 का प्रतिवेदन

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान की स्थापना वर्ष 1860 के समिति पंजीकरण अधिनियम–21 (पंजाब संशोधित अधिनियम 1957) के अन्तर्गत 6 अक्तूबर 1964 को की गई थी। शिमला स्थित राष्ट्रपति निवास में यह संस्थान मूलतः मानवीय महत्व और सामाजिक विज्ञानों के गहन सैद्धान्तिक शोध के लिए समर्पित है। संस्थान के अकादमिक समुदाय में मुख्यतः रिहायशी अध्येता, अतिथि प्राध्यापक, अतिथि विद्वान तथा सह–अध्येता होते हैं जो अपना शोध–कार्य करने के अतिरिक्त परस्पर औपचारिक व अनौपचारिक विचार–विनिमय भी करते हैं। राष्ट्रपति निवास तथा इसकी परिसम्पदा प्रकृति के सुरम्य वातावरण में चिन्तनशील उच्च अध्ययन तथा मानवीय दशा के विभिन्न पहलुओं के अन्वेषण हेतु प्रेरक है।

संस्थान का संगम-ज्ञापन विभिन्न क्षेत्रों में शोध का मार्ग प्रशस्त करता है, जो इस प्रकार है-

(क) शोध के क्षेत्र ऐसे होने चाहिए जो अंतर्विधात्मक अनुसंधान का उन्नयन करें।

(ख) अनुसंधान की विषय–वस्तु गहन मानवीय महत्त्व की होनी चाहिए।

संगम-ज्ञापन में अध्ययन के विभिन्न क्षेत्र भी दर्शाए गए हैं जो इस प्रकार हैं-

(क) सामाजिक राजनैतिक और आर्थिक दर्शन;

(ख) तुलनात्मक भारतीय साहित्य (जिसमें प्राचीन मध्यकालीन, आधुनिक, लोक और आदिवासी–साहित्य भी हो);

(ग) दर्शन और धर्म का तुलनात्मक अध्ययन;

(घ) शिक्षा, संस्कृति और कला, जिसमें निष्पादन कलाएँ और हस्तशिल्प भी हों;

(ड) तर्क और गणित की मौलिक अवधारणाएँ एवं समस्याएँ;

(च) प्राकृतिक और जीवन विज्ञानों की मौलिक अवधारणाएँ और समस्याएँ,

(छ) प्राकृतिक और सामाजिक पर्यावरण का अध्ययन,

(ज) एशियाई पड़ोसी देशों तथा विश्व के संदर्भ में भारतीय सभ्यता, और

(झ) राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में समसामायिक भारत की समस्याएँ।

ज्ञापन के अनुसार निम्न विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए-

(क) विविधता में भारतीय एकता का विषय;

(ख) भारतीय चेतना का एकीकरण;

(ग) भारतीय प्ररिप्रेक्ष्य में शिक्षा का दर्शन;

(घ) प्राकृतिक विज्ञानों में उच्च अवधारणाएँ तथा उनके दार्शनिक पहलु;

(ड) विज्ञान और अध्यात्म के संश्लेषण में भारत और एशिया का योगदान;

(च) भारतीय तथा मानव एकता;

(छ) भारतीय साहित्य का सहचर;

(ज) भारतीय महाकाव्यों का तुलनात्मक अध्ययन; तथा

(झ) मानव पर्यावरण।

1. प्रशासन

समीक्षा वर्ष के दौरान प्रोफेसर कपिल कपूर ने संस्थान की शासी निकाय के अध्यक्ष तथा सोसाइटी की प्रधान का कार्यभार संभाला। भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान की सोसाइटी के प्रधान लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्ति होते हैं जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों से चयनित किया जाता है। संस्थान की एक वित्त समिति है जिसमें मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सदस्यों के अतिरिक्त संस्थान की प्रबन्ध समिति के सदस्य भी होते हैं जो प्रबन्ध समिति को वित्तीय मामलों में परामर्श देते हैं।

संस्थान का नेतृत्व निदेशक करते हैं जिन्हें सचिव तथा अन्य अधिकारी अपना सहयोग देते हैं। समीक्षा अवधि के दौरान प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी संस्थान के निदेशक थे।

2. शोधरत अध्येता

संस्थान के आधार इसके अध्येता हैं। राष्ट्रीय अध्येता, अध्येता तथा टैगोर अध्येता यहाँ रहकर अपनी शोध परियोजनाओं पर कार्य करते हैं। उनके अध्येतावृति की अधिकतम अवधि दो वर्ष तक होती है। इस अवधि के समाप्त होने पर अध्येता पाण्डुलिपि के रूप में अपने शोधकार्यों को संस्थान में जमा करते हैं, यदि वह प्रकाशन के लिए उपयुक्त पाई जाती है तो संस्थान उसे प्रकाशित करता है। इन अध्येताओं को संस्थान में आयोजित संगोष्ठियों में सहभागिता, विचार–विमर्श तथा व्याख्यानों में सहभागिता करनी होती है। वर्ष 2017–2018 के दौरान निम्नलिखित राष्ट्रीय अध्येता, अध्येता तथा टैगोर अध्येता शोधरत थे–

क्रमांक	अध्येता का नाम	शोध परियोजना
1.	प्रोफेसर निर्मल सेनगुप्ता राष्ट्रीय अध्येता	*द ट्रांजिशन पैराडाइम ऑफ ट्रैडिशनल नॉलेज मैनेजमेंट एण्ड गवर्नेंस सिस्टम।*
2.	प्रोफेसर विजय शंकर वर्मा राष्ट्रीय अध्येता	*ट्रांसलेशन ऑफ मैन्युस्क्रिप्ट इन द खुदा बक्श लाइब्रेरी इन पटना ऑन द ''रेज ऑफ लाइट'' बाई द अरब फिलॉस्फर एण्ड साइंटिस्ट अल–किन्दी।*
3.	डॉ. मार्टिन कैप्चन टैगोर अध्येता	*रबीन्द्रनाथ टैगोर एण्ड पॉल गेहीब : देयर परसनल रिलेशनशिप एण्ड कन्वर्जेंस ऑफ एजूकेशन आइडियास।*
4.	डॉ. बी. रविचन्द्रन अध्येता	*लैंग्वेज, कास्ट एण्ड टैरिटरी : लैंग्वेज स्पोकन बाई द स्कैवैंजिंग कम्युनिटीस इन साउथ इण्डिया।*
5.	डॉ. ज्योति सिन्हा अध्येता	*चैलेंजिस एण्ड अटेन्मेंटस ऑफ 'ठुमरी सिंगरस' इन द कस्टम ऑफ बनारस।*
6.	डॉ. अर्पिता मित्रा अध्येता	*वेदांता इन मॉडरन टाइम्स : रि–इंटरप्रेटिंग स्वामी विवेकानंद।*

7.	डॉ. अम्बा कुलकर्णी अध्येता	*संस्कृत परसर बेसड ऑन द थीअरीज ऑफ शब्दबोध।*
8.	डॉ. गोहार याकूब अध्येता	*शेपिंग ए लिट्रेरी स्पेस : द डिस्कोर्स ऑफ आइडेंटिटी एण्ड यूज ऑफ कश्मीरियत एज कैटगरी इन अर्ली लिटरेरी हिस्ट्री ऑफ कश्मीरी।*
9.	श्री समीर बैनर्जी अध्येता	*रिइंटरप्रेटिंग गाँधीयन थॉट बाइ कंटेम्परेरी सिविल सोसाइटी इनिशिएटिवस।*
10.	डॉ. प्रदीप कुमार नायक अध्येता	*टूवर्डस गारंटींग लैण्ड टाइटलिंग (सिक्योर प्रॉपर्टी राइटस) इन इण्डिया : ए स्टडी*
11.	प्रोफेसर जगदीश लाल डाबर अध्येता	*हिस्ट्री ऑफ फूड इन नॉर्थ इण्डिया : मिजोरम सिन्स प्री–कलोनिअल टाइम्स*
12.	डॉ. रत्नाकर त्रिपाठी अध्येता	*ए कम्पेरिटिव स्टडी ऑफ द रीजनल म्यूजिक इन्डस्ट्रीस इन हिन्दी–स्पीकिंग इण्डिया : विद स्पेशल फोक्स ऑन हिमाचल प्रदेश, बिहार एण्ड हरियाणा*
13.	सुश्री प्राची दुबले अध्येता	*टूवर्डस ए थीअरिटकल फ्रेमवर्क ऑफ आदिवासी म्यूजिक : स्डींग दी म्यूजिकल ट्रेडिशन ऑफ रथवा आदिवासी, ए रिप्रेजेंटेटिव ट्राइब लिविंग ऑन बॉर्डरस ऑफ महाराष्ट्र*
14.	डॉ. सुमन्यु सतपति अध्येता	*इन प्रिंट : दी रोल ऑफ दी अर्ली पीरियडिकल प्रैस इन शेपिंग मॉडरन ओड़िया लिटरेरी कल्चर*
15.	डॉ. आर. ललिता राजा अध्येता	*सिग्निफिकेंस ऑफ ऑप्टिलिटी थीअरी इन फोनोलोजिकल एक्यूजिशन एण्ड इन असैस्समेंट एण्ड इंटरवेन्शन ऑफ फोनोजिकल डिस्ऑर्डरस*
16.	डॉ. बिन्दु मैनन एम. अध्येता	*मॉरेलिटी टेल्स इन ट्रांस्नेशनल मीडिया स्केपस : सोशल रिफॉर्म एण्ड माइग्रेशन इन मालबार होम फिल्म्स।*
17.	डॉ. आदित्य प्रताप देव अध्येता	*राइटिंग ट्रांस–टैम्परेलिटी इनटू हिस्ट्री : टाइम एण्ड पॉलिटिक्स इन द ऑरल ट्रैडिशनस ऑफ द मिक्स्ड ट्राइब–कास्ट कम्युनिटीज ऑफ द प्रिसली स्टेट ऑफ कांकर, सदरन छत्तीसगढ़।*
18.	डॉ. लियोन मोरेनस अध्येता	*मोहल्लास एण्ड स्मार्ट सिटीज : पोस्ट कलोनिअल डिवेलप्मेंट इन दिल्ली।*
19.	प्रोफेसर त्रिलोकी सिंह अध्येता	*बाउंसिंग एण्ड साइक्लिक मॉडलस ऑफ द यूनिवर्स।*
20.	डॉ. आनंद कुमार अध्येता	*इण्डिया : बिटवीन डेमोक्रेटिक नेशन–बिल्डिंग एण्ड डोमिनेंट कास्टस' डेमोक्रेसी।*
21.	प्रोफेसर के.एम. बहरूल इस्लाम	*माइग्रेंट म्यूज : द थर्ड स्पेस इन आसामीज लिट्रेचर।*
22.	प्रोफेसर माधवन पी. अध्येता	*डिकैननाइज़िंग भर्तहरि : एन एक्सप्लोरेशन इन टू संस्कृत ग्रामैटिकल ट्रैडिशन।*

23.	डॉ. जे. रंगास्वामी अध्येता	*ए ट्रांसलेशन एण्ड कमेंटरी अपान तिरूविमोइल ऑफ नाम्मीवर विद इट्स ±×U 36,000 PA×I कमेंटरी ऑफ वाxअक्कुतिरूव ± तिपाआई इन्टू इंग्लिश।*
24.	डॉ. गिरिजा के.पी. अध्येता	*नॉलेज एण्ड सब्जैक्टस : सिचुएटिंग आयुर्वेदा थ्रू लाइफ स्टोरीज ऑफ प्रैक्टीशनर्स।*
25.	डॉ. अजय कुमार अध्येता	*दलित अस्मितावादी इतिहास लेखन : वैकल्पिक अधीनस्थ समाजशास्त्र की तलाश में (एक समीक्षात्मक मूल्यांकन)।*
26.	डॉ. मैथ्यू अक्कांद वर्गीस अध्येता	*ग्लोबलाइज़िग स्टेट्स : द मैटफोरस फ्रॉम इकॉलजीस इन द मेकिंग।*
27.	श्री आशुतोष भारद्वाज अध्येता	*नॉवेल रिसर्च ऑन क्लासिकल एण्ड कंटेम्परेरी लिटरेरी थीअरीस एण्ड डिवाइसिस।*
28.	डॉ. डम्बरूधर नाथ अध्येता	*निर्गुण भक्ति इन ईस्टर्न इण्डिया : आइडीआलजी, प्रोटैस्ट एण्ड आइडैंटिटी–स्टडी ऑफ मायामारा सब–सैक्ट ऑफ आसाम।*
29.	डॉ. मनीषा चौधरी अध्येता	*द हिस्ट्री ऑफ थार : इन्वायरन्मेंट कल्चरल एण्ड सोसाइटी।*
30.	डॉ. रेखा चौधरी अध्येता	*सोशल डाइवर्सिटी एण्ड पॉलिटिकल डाइवर्जेंश इन जम्मू एण्ड कश्मीर आइडैंटिफाइंग द कम्प्लैग्जिटी ऑफ कन्फ्लिक्ट सिचुएशन एण्ड द फार्मेट फॉर इट्स रेस्टोरेशन।*
31.	डॉ. संघमित्रा साधू अध्येता	*स्पीकिंग सब्जैक्टस : लाइफ– राइटिंग फ्रॉम बिलो।*
32.	डॉ. रमाशंकर सिंह अध्येता	*नेचुरल रिसोर्सिस एण्ड मार्जिनल कम्यूनिटीज : सोशल एण्ड कल्चर सिम्बोसिस ऑफ रीवरस एण्ड निशादास इन प्री–कलोनिअल इण्डिया*

3. अकादमिक गतिविधियां

(क) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् स्मृति व्याख्यान

संस्थान की अकादमिक गतिविधियों में राधाकृष्णन् स्मृति व्याख्यान एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम है। 20 मार्च 2018 को इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में 22वां डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें अमेरिका स्थित इन्फिनिटी फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री राजीव मल्होत्रा द्वारा *'वीविंग इण्डियाज महाकथा (ग्रैंड नेरेटिव) फॉर द 21स्ट सेन्चरी'* विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी ने मुख्य वक्ता तथा सभागार में उपस्थित श्रोताओं का स्वागत किया। संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर कपिल कपूर ने अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया तथा संस्थान के पुस्तकालयाध्यक्ष तथा कार्यकारी सचिव श्री प्रेम चंद ने उपस्थित सभी सभासदों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

(ख) संगोष्ठियां, सम्मेलन, परिसंवाद तथा गोलमेज

समीक्षा अवधि के दौरान संस्थान में अनेक संगोष्ठियां तथा सम्मेलन आयोजित किये गए। जिन्हें संबंधित संयोजकों/सह–संयोजकों द्वारा तैयार अवधारणा नोट में व्याख्यायित शैक्षिक औचित्य सहित सूचीबद्ध किया गया है। इन संगोष्ठियों

की रिपोर्ट में प्रत्येक संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों तथा प्रतिभागियों के नाम दर्शाए गए हैं।

प्रत्येक संगोष्ठी का अवधारणा नोट संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाता है तथा वेबसाइट पर ही शोध–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आमंत्रित प्रख्यात विद्वानों जो विद्वान पहले भी प्रस्तावित संगोष्ठी की विषय–वस्तु पर अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे चुके होते हैं उनके अलावा भी संबंधित विषय में रूचि रखने वाले अन्य विद्वानों को भी आमंत्रित किया जाता है। इस आमंत्रण के प्रत्युत्तर में कई युवा शोधार्थी अपने शोध–पत्र प्रस्तुत करने के लिए अपनी इच्छा जाहिर कर चुके हैं जोकि एक अच्छा संकेत है। इस व्यापक प्रचार के फलस्वरूप अत्याधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हो रही हैं।

1. 'इण्डियन लिटरेचर एण्ड सोशल डेवल्पमेंट : थीअरी, प्रैक्टिस एण्ड कम्यूनिटी इम्पैक्ट' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी (05-07 अप्रैल 2017)

मूलाधार– साहित्य एक समय और स्थान पर प्रचलित सामाजिक परिस्थितियों का दर्पण माना जाता है। लेखक की कला किसी विशेष संदर्भ और इतिहास की अनेक कड़ियों से जुड़ी हुई होती है, जिसमें विभिन्न समुदायों के आख्यान, महापुरुषों की वीरता, मानवीय संबंध, घटनाओं, जीवनियों और विचारधाराओं आदि का समावेश होता है। जबकि भारतीय साहित्य की समीक्षा करने पर हम देखते हैं इसमें श्रेणी, जाति, लिंग, गरीबी, सामाजिक–आर्थिक मजबूरियों, परिवार, रोमांस और समुदायों जैसे कई विषयों का प्रचुरता से अध्ययन किया गया है मगर समय और भाषाओं में रचनात्मक साहित्य का व्यापक और एकीकृत विश्लेषण नहीं किया है। इसका कारण है कि इस तरह के मैट्रिक्स के आलेखन में बहुत जटिलता है।

यह संगोष्ठी भारतीय सामाजिक इतिहास और सामुदायिक जीवन और रचनात्मक लेखन के बीच विमर्श को बढ़ावा देने वाले भारतीय साहित्य पर केंद्रित रही। संगोष्ठी में न केवल जाने–माने लेखकों के मुख्य धारा और चुनिंदा ग्रंथों को अपितु भारतीय भाषाओं और अनुवादों की तुलना में अधिक सामान्य प्रतिनिधित्व के साथ एक अखिल भारतीय परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि साहित्य और सामाजिक परिवर्तन पर बौद्धिक चर्चा के लिए एक मंच का निर्माण करना ही इस संगोष्ठी का उद्देश्य था। संगोष्ठी में ऐतिहासिक काल, भाषाओं, मुक्ति क्षणों, राष्ट्रीय आंदोलन, दलित उत्थान, वैकल्पिक लिंगानुपात और ऐसे कई अन्य महत्त्वपूर्ण विषयों का पता लगाने का प्रयास किया गया। साहित्य के सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव पर ही संगोष्ठी केन्द्रित रही।

सैद्धांतिक ढांचा

समकालीन सिद्धांत में समाज और साहित्य के बीच के संबंध को कुछ महत्त्वपूर्ण दृष्टिकोणों के माध्यम से अन्वेषित गया है जो परस्पर विमर्श का विषय रहते हैं। लुकास जॉर्ज लुकाक्स ने अपनी रचना 'द थीअरी ऑफ द नोवेल' (1914–1915) में 'लोकोत्तर और आवासहीनता' मुहावरे को गढ़ा, और इसे 'सभी आत्माओं की लालसा' के रूप में परिभाषित किया, जिसमें वे एक बार संबंधित थे, और पूर्ण आशावादिता के लिए खिन्न। 'वर्गीय चेतना और द्वंद्वात्मक भौतिकवाद के बारे में उसके तर्कों ने पूर्व की अवधारणा को संशोधित किया और विकासवादी विचारों को ऐतिहासिक यथार्थवाद' (1938) पर स्थापित किया। रेमंड विलियम्स (संस्कृति और समाज, 1958) ने सांस्कृतिक भौतिकवादी दृष्टिकोण के लिए एक अपरिवर्तनीय रास्ता सुझाया है, जिसमें समाज, साहित्य और संस्कृति अटूट रूप से जुड़े हुए हैं। समानांतर में, फ्रांस में मिशेल फौकॉल्ट का रचनाकर्म, विशेष रूप से *मैडनैस एण्ड सिविलिजेशन* (1961) अध्याय ने मनोविज्ञान को संस्कृति और भाषा के सामाजिक निर्माण पर चर्चा के दायरे में लाकर खड़ा किया जिससे 'साधारण अवस्था, बहिष्करण और समावेशन की धारणाओं को चुनौती देने का एक दार्शनिक आधार बना।

यूरोपीय विचारकों के प्रभाव से भारत में सामाजिक वास्तविकता की खोज जागृत हुई जोकि पश्चिम से अलग

थी। जाति सत्ता के विमर्श का एक प्रमुख कारक थी। उदाहरण के लिए, आशीष नंदी ने प्रारंभ में उन औपनिवेशिक अनिवार्यताओं की आलोचना करना शुरू कर दी थी जिन्हें भारतीय राजनीति का कारक माना जाता था और उन्होंने इस विचार को आगे बढ़ाया। परंपरा के ये प्रतिरूप सामाजिक निर्माण में हस्तक्षेप करते हैं जोकि औपनिवेशिक प्रशासन के निर्णयों के अनुरूप स्थापित किए गए थे। नंदी ने अपने 'इंटिमेट एनमी' (1983) सिद्धांत के साथ, भारतीय साहित्य और संस्कृति की जटिलताओं में एक सामूहिक रूप से चित्रण के साथ–साथ भारत में हित समूहों में व्यक्तिगत मानस स्थापित करने का प्रयास जारी रखा। सिनेमा के क्षेत्र में उनका योगदान एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

यहां सुधीर कक्कड़ के कार्य का उल्लेख करना भी बहुत आवश्यक है जो औपनिवेशिक इतिहास के प्रभाव को भी परखता है और 'द इनर वर्ल्ड : ए साइको–एनालिटिकल स्टडी ऑफ चाइल्डहुड एंड सोसाइटी इन इंडिया (1978) का भांति आकांक्षाओं और उपलब्धियों के बीच विरोधाभासी रूप में आगे बढ़ता है। तत्पश्चात 'द इंडियन साइक (1996)' नामक संग्रह में विश्लेषण का कैनवास बहुस्तरीय भारतीय समाज और विकास लक्ष्यों और संप्रेषित, सांस्कृतिक रूप से निर्धारित परिस्थितियों के बीच रुचि का संघर्ष मौजूद है।

दूसरे शब्दों में 'साहित्य और सामाजिक विकास' के विषय के बारे में सोच के इतिहास ने मार्क्सवादी विचारधारा के कुछ सामान्य सैद्धांतिक ढांचे को दिखाया, लेकिन सामाजिक प्रगति के भारतीय पहलू ने विचारोत्तेजक संशोधनों और क्षेत्रीय विरोधाभासों का निर्माण किया।

पश्चिमी और पूर्वी तर्क

1980 के दशक तक, अंग्रेजी साहित्य में उत्तर–आधुनिकतावादी भारतीय लेखन के उद्भव, विशेष रूप से सलमान रुश्दी की 'मिडनाइट्स चिल्ड्रन' (1981) ने एक विश्वसनीय साहित्यिक और सामाजिक पहचान का संकेत दिया, जिसने औपनिवेशिक अतीत को बुरी तरह प्रश्नों के घेरे में खड़ा कर दिया। भारत में अन्य भाषाओं की आवाज भी उतनी ही मजबूत थी जितनी कि हिंदी लेखक नामवर सिंह और मराठी लेखक भालचंद्र नेमाड़े की थी। मार्क्सवाद के ढ़ांचे को परिवर्तन के साथ स्वीकार करते हुए दोनों ने नई शब्दावलियां और अवधारणाएं बनाईं जो उनके पीढ़ी के पाठकों के लिए सही थीं। भालचन्द्र नेमाड़े का देशवाद/सहजज्ञानवाद (2009) का सिद्धांत एक ऐसा शब्द है जो अंग्रेजी भाषा सीखने की अपेक्षा करता है। कुछ स्तरों पर भारतीय अंग्रेजी आलोचकों के साथ समानता पर विचार किया जा सकता है। फ्रेडरिक जेम्सन के नियंत्रण के खिलाफ एजाज अहमद के जोरदार दावे से हम भली भांति परिचित हैं, लेकिन हमें भूलना नहीं चाहिए कि उनकी पुस्तक 'इन थीअरी : क्लासेस, नेशंस, लिटरेचर' (1992) एक निश्चित प्रकार की अमेरिकी छात्रवृत्ति की शब्दावली और पूंजीवादी प्रक्रिया को अग्रसर करती है और दक्षिण एशियाई दृष्टिकोण से साम्राज्यवाद की व्याख्या भी करती है।

स्थानीय एवं वैश्विक मुद्दे

आघात और आतंक की राजनीति से आहत दुनिया में, जलवायु परिवर्तन से असहाय होकर, निष्पक्ष सिद्धांतों में असंतुलन के साथ, 'पश्चिम और पूर्व' में विद्वानों को वैचारिक दृष्टि से पृथक नहीं किया जाता है। साहित्य सामाजिक विश्लेषण का एक शक्तिशाली उपकरण माना जाता है। जिजेक के मत 'वैचारिक कोरी कल्पना' की धारणा ने कई व्याख्याओं को प्रभावित किया है जोकि राजनीतिक समुदाय को तटस्थ रखती है। सरहदों और सीमाओं का अस्थिर अस्तित्व हैं जब प्रवास, विस्थापन, युद्ध और शरणार्थी आदि स्थितियां मानव विषयों को अधिक मात्रा में इतिहास की ओर धकेलती हैं। इस तरह के संक्रमणों पर सहवर्ती संस्कृति और साहित्यिक कलाकृतियों में परिवर्तन होते हैं। इसके अलावा, इससे अधिक सवालों से परेशान दुनिया के लिए इसके जवाब हैं। दार्शनिक जैक्स रानीसियर में रुचि का पुनरुद्धार बोधगम्य है। उनकी पुस्तक 'द इग्नोरेंट स्कूलमास्टर : फाइव लेसन इन इंटेलेक्चुअल इमैन्शन' (1991) शिक्षकों और शिक्षकों के लिए लिखी गई थी। इसमें पारंपरिक शिक्षण की अपेक्षा स्व–शिक्षण पद्धति की जोरदार वकालत की गई है क्योंकि

अप्रवासी या पीड़ित जनमानस के लिए कोई संस्थानों की कोई सार्थकता नहीं है।

क्या हमें भाषा कार्यकता गणेश नारायणदास देवी का समर्थन नहीं करना चाहिए जिन्होंने बहादुरी से देशव्यापी भारतीय भाषा सर्वेक्षण को अंजाम दिया है? संस्कृत के बाद के युग में कई भाषाओं की जड़ों को याद करते हुए, उन्होंने हमें न सिर्फ भारतीय बोलियों की शृंखला में खोई हुई कड़ियों का स्मरण करवाया है अपितु देश की अनिर्दिष्ट मौखिक परम्पराओं में गरिमा लाने का भी प्रयास किया है। देवी के निबंध 'द बीइंग ऑफ भाषा 'एण्ड काउंटरिंग वायलेंस' ने खोई हुई भाषाओं और वैश्वीकरण के प्रभाव (जी.एन. देवी पाठक, 2009) के बीच एक कड़ी का निर्माण किया है। यदि भारत की सांस्कृतिक विविधता को नजरअंदाज कर दिया जाता है, तो उन्हें सामाजिक सामंजस्य और शांति की संभावना की बहुत कम उम्मीद दिखाई देती है।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्देश्य

- सैद्धांतिक रूपरेखा प्रस्तुत करना जिससे भारतीय साहित्य और सामाजिक विकास के बारे में वर्तमान विमर्श का अन्वेषण करेगा।
- भारतीय भाषाओं के विशिष्ट साहित्यिक इतिहास और क्षेत्रीय इतिहास के बीच संबंधों का पता लगाना।
- साहित्यिक/सांस्कृतिक सामग्री के साथ गहन अध्ययन या क्षेत्र के काम के आधार पर इस क्षेत्र में विशिष्ट शोध को साझा करना।
- भारतीय भाषाओं से अनुवादित सामग्री की अग्रभूमि तैयार करना।
- ऐसे अन्वेषणों के लिए अंतः विषयक पद्धतियों पर विचार करना जो मानविकी के साथ–साथ सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान के उपकरणों का संयोजन करे।
- इस विषय में छात्रवृत्ति और बौद्धिक अन्वेषण की वर्तमान गुणवत्ता स्थापित करना।
- प्रस्तुत पत्रों के आधार पर पुस्तक प्रकाशन की परिकल्पना करना।

इस संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत करन के लिए निम्नलिखित विषय सुझाए गए थे लेकिन उन्हें बिल्कुल सीमित भी नहीं किया गया था–

1. भारतीय भाषाओं और क्षेत्रीय इतिहास के विशिष्ट साहित्यिक इतिहास के बीच संबंध
2. भक्ति साहित्य
3. सूफी साहित्य और उसके सामाजिक संदर्भ
4. प्रगतिशील आंदोलन
5. राष्ट्र और कथन
6. लैंगिक पुनर्विचार
7. सामाजिक विकास और सौंदर्य के प्रतिमानों को बदलना
8. उनके सामाजिक प्रभाव के साथ विशिष्ट साहित्यिक आंदोलनों का अध्ययन
9. साहित्यिक ग्रंथ/लेखक जिनके प्रभाव से सामाजिक मनोवृत्ति में परिवर्तन हुआ है।
10. साहित्य और कक्षा

11. सांस्कृतिक विविधता
12. भारतीय साहित्य पर वैश्वीकरण का प्रभाव
13. आघात, आतंक और संघर्ष क्षेत्रों का साहित्य
14. साहित्य और इको–सौंदर्यशास्त्र
15. आदिवासी/आदिवासी जागृति
16. दलित साहित्य और परिवर्तन की राजनीति
17. क्षेत्र और राष्ट्र
18. सामाजिक प्रभाव के लिए अनुवाद
19. भाषाई बहुलता
20. साहित्य और दृश्य और प्रदर्शन कला का सामाजिक प्रभाव।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला में साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से *'इण्डियन लिटरेचर एण्ड सोशल डेवलप्मेंटः थीअरी, प्रैक्टिस एण्ड कम्यूनिटी इम्पैक्ट'* विषय पर 05–07 अप्रैल 2017 के दौरान राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रोफेसर मालाश्री लाल, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के अंग्रेजी सलाहकार बोर्ड की संयोजक तथा संस्थान के अध्येता प्रोफेसर, सुमन्यु सत्पति, इस संगोष्ठी के संयोजक थे। संस्थान के राष्ट्रीय अध्येता प्रोफेसर विजय शंकर वर्मा तथा श्रीनिवासराव, सचिव, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। संगोष्ठी की संयोजक प्रोफेसर मालाश्री लाल ने इस अवसर पर प्रारंभिक टिप्पणी प्रस्तुत की। बेनौलिम, गोवा से आए मनोविश्लेषक, उपन्यासकार, विद्वान डॉ. सुधीर कक्कड़ ने उद्घाटन उद्बोधन प्रस्तुत किया।

प्रतिभागी

- प्रोफेसर अक्षय कुमार, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- श्री संतनु गंगोपाध्याय, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली
- प्रोफेसर ज्योतिर्मय त्रिपाठी, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
- डॉ. हिमाद्री रॉय, स्कूल ऑफ जेंडर एण्ड डिवेलप्मैंट स्टडीज, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- डॉ. कौस्तव चक्रवर्ती, साउथफील्ड कॉलेज, दार्जिलिंग
- सुश्री अरुणाभ बोस, विवेकानंद कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- डॉ. सिमरन चड्ढा, अंग्रेजी विभाग, दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर मून मून मजूमदार, अंग्रेजी के प्रोफेसर, नॉर्थ–ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलांग, मेघालय
- सुश्री आनंदिता पान, अंग्रेजी शोधार्थी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर, उत्तर प्रदेश
- सुश्री रागिनी कपूर, एम.फिल शोधार्थी, आधुनिक भारतीय भाषाएं एवं साहित्य अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर शैल मायाराम, सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डिवेलपिंग सोसाइटीज, दिल्ली

- डॉ. रीबा सोम, वरिष्ठ अध्येता, आईसीएसएसआर
- प्रोफेसर सतीश सी. ऐकांत, बसंत वाटिका, कुलरी, मसूरी
- सुश्री नमिता गोखले, सी 5/15 एसडीए, हौज खास, नई दिल्ली
- प्रोफेसर विनीता ढौंडियाल भटनागर, अंग्रेजी विभाग, विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी संस्थान आरजीपीवी, भोपाल, मध्य प्रदेश
- डॉ. वी. दीपा, अंग्रेजी विभाग, शहीद भगत सिंह कॉलेज, शेख सराय, नई दिल्ली
- डॉ. मार्टिन केम्पचेन, टैगोर अध्येता, भा.उ.अ.सं., शिमला
- डॉ. निरबान मन्ना, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खान विद्यालय), धनबाद
- डॉ. आर उमामहेश्वरी, पूर्व अध्येता, भा.उ.अ.सं., शिमला
- प्रोफेसर बेटिना शारदा बूमर, राष्ट्रीय अध्येता, भा.उ.अ.सं., शिमला
- डॉ. प्रेम कुमारी श्रीवास्तव, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- सुश्री प्रिया सुरुकई चबरिया, 6, बेलाविस्टा, 40/9 एरन लॉन, पुणे
- प्रोफेसर अनीता बालकृष्णन, अंग्रेजी विभाग, क्वीन मैरी कॉलेज, चेन्नई
- श्री रामशंकर सिंह, जी. बी. पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद
- डॉ. रोहित फुतेला, अंग्रेजी विभाग, डीएवी कॉलेज, सेक्टर–10डी, चंडीगढ़
- डॉ. पांडुरंग काशीराम भोय, राजनीति एवं लोक प्रशासन विभाग, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
- प्रोफेसर चेतन सिंह, पूर्व निदेशक, भा.उ.अ.सं., शिमला

संगोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों ने निम्नलिखित विषयों पर प्रस्तुतियां दीं-

सत्र - 1

नमिता गोखले : *रिमेंबरिंग कुमाऊँ, रिकॉर्डिंग कुमाऊँ।*

प्रिया सरुकाई चबेरिया : *इवॉल्विंग एन एस्थेटिक ऑफ रैप्च्यूर एण्ड रैप्चर।*

सत्र - 2

रेबा सोम : *सिस्टर निवेदिताज वेब ऑफ इण्डियन लाइफ (1903) –ए नैरेटिव फॉर नेशन बिल्डिंग।*

रागिनी कपूर : *द इंडियन विजुअल आर्टिस्ट एण्ड सोशल कल्चरल कन्टेक्स्टस ऑफ द इंडियन आर्ट।*

विनीता ढौंडियाल भटनागर : *राइटर्स फॉर चेंज : ए हिस्ट्री एंड अकाउंट ऑफ प्रोग्रेसिव राइटर्स एसोसिएशन।*

सत्र - 3

मून मून मजूमदार : *द पॉलिटिक्स ऑफ रिप्रेजेंटेशन इन सलेक्ट वर्क्स ऑफ फिक्शन फरॉम इण्डियाज नॉर्थ–ईस्ट।*

निरबान मन्ना : *इंटैरोगेटिंग एप्लाइड थिएटर एज ए टूल फॉर कपैसिटी बिल्डिंग इन कंटेपरेरी बंगाल : केस स्टडी।*

सत्र - 4

मार्टिन केम्पचेन : *रबींद्रनाथ टैगोरज वर्ल्डवाइड रिसेप्शन–ए क्रिटिकल ओवरव्यू।*

शैल मायाराम : *ए लिटरेरी जेनिआलजी ऑफ राइट–विंग नेशनलिज्म।*

ज्योतिर्मय त्रिपाठी : *द प्रोडक्शन ऑफ लिटरेरी वैल्यूस इन कंटैम्परेरी इण्डिया।*

सत्र - 5

सतीश ऐकांत : *इण्डिया एण्ड यूरोपः निर्मल वर्मा एज ए क्रिटिकल इन्साइडर।*

आनंदिता पान : *राइटिंग द सेल्फ : ऑटोबायोग्राफी एंड द पॉलिटिक्स ऑफ चेंज।*

अरुणाभ बोस : *द एनजेंडरिंग ऑफ सबाल्टर्न हिस्टोरियोग्राफी इन द पलामाउ फिक्शन ऑफ महाश्वेता देवी।*

सत्र - 6

अक्षय कुमार : *प्रोग्रेसिव पंजाबी पोइट्री : फ्रॉम लोक युद्ध टू धर्मयुद्ध।*

हिमाद्रि रॉय : *टॉर्न बिटवीन इमोशनस : ए क्रिटिकल अनैलिसिस ऑफ बाइसैक्सुअलिटी इन रावोज लेडी लोलिताज लवर।*

रमाशंकर सिंह : *लाइफ, लैंग्वेज एण्ड पॉलिटिक्स ऑफ नोमेडस ऑफ उत्तर प्रदेश : एन एम्पाइरिकल स्टडी।*

सत्र - 7

सिमरन चड्ढा : *रिफ्रेक्टिड विटनेसिंग : नेरेटिवस फ्रॉम वैली।*

रोहित फुलेता : *फाइंडिंग एजेंसी, कम्बैटिंग द कुलैक्टिव ट्राउमा : बलबीर माधोपुरीज अगेन्स्ट द नाइट।*

सत्र - 8

प्रेम कुमारी श्रीवास्तव : *आन्टालजीकल आर्टिकुलेशनस ऑफ द फोक : देशीवाद एण्ड बारहामासा ऑफ नॉर्थ इण्डिया।*

पाण्डुरंग काशीराम भोय : *लिटरेचर ऑन आदिवासी अवेकनिंग इन महाराष्ट्र*

अनीता बालकृष्णन् : *रैक्वींम फॉर ए ट्राइब : एन्वाइरन्मेंटल एथिक्स एण्ड एथनोग्राफी – रि–रीडिंग राजम कृष्णनज व्हेन द कुरिन्जी ब्लूमस।*

समापन सत्र

कौस्तव चक्रवर्ती : *इन सर्च ऑफ एन इन्डोजीनियस इको–मैस्क्यूलिनिटी : ए जर्नी थ्रू सलेक्ट ट्राइबल टेलस एण्ड द ग्रीन पोइमस ऑफ गुलज़ार।*

वी. दीपा : *द पोइटिक्स एण्ड पॉलिटिक्स ऑफ 'जल्लीकट्टू' इन सी.एस. चैल्लप्पाज वादिवासल/एरिना।*

2. 'रीजनल कल्चरस एण्ड न्यू मीडिया टैक्नॉलजी' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (26-28 अप्रैल 2017)

मूलाधार– 'रीजनल कल्चरस एण्ड न्यू मीडिया टैक्नॉलजी' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में सांस्कृतिक निरंतरता को व्याख्यायित करने का एक प्रयास किया गया जो स्थानीय/तत्काल, राष्ट्रीय राजधानी या सांस्कृतिक उत्पादन केंद्र तथा व्यापक वेब के कई संबंधों के बीच स्थित है और जो उन्हें परस्पर जोड़ता है। यदि कोई मुख्यधारा बनाम सीमांत चर्चा का पालन करता है तो ऐसे में 'क्षेत्रीय' शब्द का प्रयोग गौण नहीं है। यहाँ समुदायों के भीतर तथा समुदायों से बाहर विभिन्न सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों का वर्णन कहानी तथा संवाद के माध्यम से करने का प्रयास किया गया। हम किसी 'क्षेत्र' को सहज, अनियमित, असंगठित रूप में मान लेते हैं तथा उसमें भाषाई, सांस्कृतिक और भू–राजनीतिक समुदायों द्वारा निरंतर सुधार किया जाता है।

स्पष्टतः कहा जा सकता है कि पिछले चार दशकों में नई प्रौद्योगिकियों के उदय के बाद इस संगोष्ठी का आयोजन सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के क्षेत्रीय या स्थानीय रूपों के लिए उल्लेखनीय संवृद्धि है। यह न केवल रेखीय प्रारूप से डिजिटल में बदलाव का प्रतीक है, बल्कि इंटरनेट के माध्यम से वैश्विक वेब का उदय भी है। उदाहरण के लिए, हिंदी और लद्दाख, मणिपुर, मिजोरम या केरल कें मलप्पुरम जैसे क्षेत्रों में कई अन्य भाषाओं और बोलियों के बीच भोजपुरी सिनेमा और संगीत का विकास निश्चित रूप से सशक्तिकरण का एक प्रमाण है जोकि डिजिटल मीडिया की देन है। यह केवल सेल फोन, पैन ड्राइव – लैपटॉप /नोटबुक, और यहां तक कि लाइव संगीत कार्यक्रमों के माध्यम से हासिल किया जा सकता था। यहां तक कि सीधे बड़े–बड़े वीडियो प्रसारणों के माध्यम से दर्शक छोटे और बड़े सांस्कृतिक समारोहों को देखकर कलाकारों की समीपता का आनंद लेते हैं।

क्षेत्रीय भाषाओं और संस्कृतियों के चलते विकास की कहानी हालांकि सीधी नहीं है – बहुत कुछ खो दिया जाता है जितना कि प्राप्त किया जाता है। क्षेत्रीय अनुभवजन्य साक्ष्य से पता चलता है कि क्षेत्रीय भाषाएं और संस्कृतियां भी पुनर्संरचना और संशोधन की प्रक्रिया से गुजर रही हैं या पूरी तरह से पुराने रूपों और पद्धतियों को ढांप रही हैं। क्षेत्रीय भाषाएं और संस्कृतियां मुख्यधारा 'के साथ–साथ समीपवर्ती संस्कृतियों के प्रभावों को भी अवशोषित कर रही हैं, लेकिन वे इंटरनेट के माध्यम से आसानी से उपलब्ध कराए गए काल्पनिक सरल स्रोतों से ली गई हैं। यह प्रक्रिया और इसके परिणाम अपने आप में पेचीदा और व्यापक शोध और विश्लेषण के योग्य हैं। लेकिन एक अनिवार्य प्रश्न बना हुआ है कि व्यापक सामाजिक–राजनीतिक संदर्भ में इस तरह की वृद्धि का वास्तव में क्या अर्थ है?

ये ऐसे प्रश्न हैं, जो अनुभवजन्य तथा सैद्धांतिक/दार्शनिक दोनों स्तरों पर समर्थन करते हैं। ये उद्योग/बाजार/प्रथाएं किस तरह से अस्तित्व में आती हैं तथा संघर्ष और सहयोग की उन्नत भौगोलिक स्थितियों के बारे में बहुमूल्य उदाहरण जुटाए जाते हैं, जो हमारे लोकतंत्र को आकार प्रदान करते हैं। इस प्रकार सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से दृष्टिकोण, अवधारणाओं तथा तथ्यात्मक रिपोर्टों को लाने और एक व्यापक व तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया गया। ये डिजिटल संस्कृतियाँ स्थानीय और क्षेत्रीय, और वैश्विक शक्तियों को आकार देने तथा भाषाई रूपों और उप–समुदायों को बनाए रखने के लिए मूल्यवान तथा पहले से अगम्य परख प्रदान करती हैं।

इस सम्मेलन के माध्यम से नए सांस्कृतिक उद्योगों और बाजारों की संरचना में बौद्धिक योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। संस्कृतियों का समाजशास्त्र–नृविज्ञान उत्पादन तथा दर्शकों के समुदायों, प्रौद्योगिकी–संस्कृति से जुड़ाव, निहित या स्पष्ट राजनीति के माध्यस से देखा गया। साथ ही नई शैलियों और उद्योगों, सौंदर्य आकलन और हाल ही में जनता की रूचियों में बदलाव के साथ–साथ इन संस्कृतियों के योगदान के रूप में लोकतांत्रिककरण की व्यापक प्रक्रियाओं के बारे में भी विचार–विमर्श किया गया।

संस्थान में 26–28 अप्रैल 2017 के दौरान 'रीजनल कल्चर एण्ड न्यू मीडिया टैक्नॉलजीस' विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्येता डॉ. बिंदू मेनन तथा डॉ. रत्नाकर त्रिपाठी इस संगोष्ठी

के संयोजक थे। संस्थान के राष्ट्रीय अध्येता प्रोफेसर विजय शंकर वर्मा ने इस अवसर पर स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया जबकि संगोष्ठी के संयोजक डॉ. रत्नाकर त्रिपाठी तथा डॉ. बिंदू मेनन, ने परिचयात्मक टिप्पणी प्रस्तुत की।

प्रतिभागी

- डॉ. जो क्रिस्टोफर, यूएस कॉन्सुलेट जनरल, 1–8–323, पैगा पैलेस, चिरन फोर्ट लेन, बेगमपेट, सिकंदराबाद, तेलंगाना
- डॉ. एलिस सैमसन, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- डॉ. रविकांत, सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डिवेलपिंग सोसाइटी, दिल्ली
- प्रोफेसर अन्ना मोरकॉम, संगीत विभाग, रॉयल होलोवे, लंदन विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर टी. टी. श्रीकुमार, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- डॉ. विभूति दुग्गल, सराय–सीएसडीएस, राजपुर रोड़, दिल्ली
- सुश्री शिल्पा मुखर्जी, डॉक्टरेट अभ्यर्थी, कला एवं सौंदर्यशास्त्र संस्थान, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- डॉ. शिखा झिंगन, सिनेमा अध्ययन, कला एवं सौंदर्यशास्त्र संस्थान, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- डॉ. वसुधा पांडे, इतिहास विभाग, लेडी श्री राम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- श्री कूनल दुग्गल, फ्लैट नं. 1102, गंगा अपार्टमेंट, कौशाम्बी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
- सुश्री रश्मि एम., पीएचडी शोधछात्रा, स्कूल ऑफ सोशल साइंसिज, राष्ट्रीय उच्च अध्ययन संस्थान, बैंगलोर, कर्नाटक
- डॉ. गौरव राजखोवा, फ्लैट नंबर 1 सी, पहली मंजिल, 65, सोनिया एनक्लेव, गीतानगर, चिड़ियाघर–नरेंगी रोड़, गुवाहाटी
- डॉ. मधुजा मुखर्जी, फिल्म अध्ययन विभाग, जादवपुर विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल
- श्री आलम श्रीनिवास, वरिष्ठ पत्रकार, संस्कृति मीडिया और प्रशासन केंद्र, जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, दिल्ली
- डॉ. कैथरीन हार्डी, वाशिंगटन विश्वविद्यालय सेंट लुइस, अमेरिका
- श्री नीकोली कुओत्सु, पीएचडी शोधार्थी, सिनेमा अध्ययन, कला एवं सौंदर्यशास्त्र संस्थान, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- श्री रोहित प्रकाश, सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डिवेलपिंग सोसाइटीज, दिल्ली
- डॉ. अक्षय कुमार, स्कूल ऑफ कल्चर एंड क्रिएटिव एक्सप्रेशंस, अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली
- सुश्री संप्रति, अनुसंधान विद्वान, नृत्य विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय, तेलंगाना
- श्री ससी किरण, डॉक्टरेट अभ्यर्थी, संचार विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय, तेलंगाना
- सुश्री सी.यामिनी कृष्णा, अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (ईएफएलयू), हैदराबाद, तेलंगाना
- प्रोफेसर लक्ष्मी सुब्रमण्यन, इतिहास विभाग, सेंटर फॉर स्टडीज इन सोशल साइंसेज, कलकत्ता

संगोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों ने निम्नलिखित विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं–

सत्र - 1

अक्षय कुमार : *गोविंदा एट द कस्प : रिलेयिंग प्रोविंशियलिटी एट एक्रॉस टेरिटरीस।*

रविकांत : *मीडिया, मेमोरी और इंटरमीडिया : द 'रीजनल' इन हिंदी सिनेमा।*

शिखा झिंगन : *साउंडिंग द रीजन : साउंड ट्रैक्स ऑफ न्यू बॉलीवुड सिनेमा।*

सत्र - 2, राजनीतिक अर्थव्यवस्था और डिजिटल संस्कृति

आलम श्रीनिवास : *रीजनल इम्प्रिंटस ऑन नेशनल एंटरप्राइजेज द केस ऑफ बिजनेस मॉडल ऑफ केबल कम्पनीस।*

विबोध पार्थसारथी : *रीजनल इम्प्रिंटस ऑन नेशनल एंटरप्राइजेज द केस ऑफ बिजनेस मॉडल ऑफ केबल कम्पनीस।*

रोहित प्रकाश : *'स्मार्ट' मीडिया : अंडरस्टैण्डिंग न्यू डिजिटल प्रैक्टिसिस थ्रू ए केस स्टडी ऑफ गो न्यूज।*

रश्मि एम : *कॉलर ट्यून्स, रिंग टोन एण्ड यूट्यूब चैनल : द राइज ऑफ कन्नड़ कंटेंट इंडस्ट्री।*

सत्र - 3, कुलैक्टिवस मीडिया एण्ड मीडिया कल्चर

टी. टी. श्रीकुमार : *कुलैक्टिवस एण्ड स्पाटिअल इमैजिनरीस इन रीजनल डिजिटल कल्चरस।*

अन्ना मोरकॉम : *इन्डस्ट्री कम्यूनिटी एण्ड एक्सचेंज इन तिबेतिअन एक्जाइल पॉप म्यूजिक एण्ड तिबेतिअन चांटिंग एल्बमस।*

मधु मुखर्जी : *स्पीकिंग थ्रू मनभूम फिल्म्स : इन्क्वैरीस इन्टू लैंग्वेज स्पीच एण्ड डब्बिंग।*

सत्र - 4, ऑडिटरी जियोग्राफीस

लक्ष्मी सुब्रमण्यम : *टैक्नॉलजीस एण्ड न्यू म्यूजिकल जियोग्राफीस : अंडरस्टैण्डिग नेशनल, रीजनल एण्ड ग्लोकल फ्लोस ऑफ कार्नेटिक म्यूजिक।*

विभूति दुग्गल : *इमेजनिंग साउंड थ्रू द फरमाईश : रेडियो एण्ड रिक्वेस्टपोस्ट कार्डस इन नॉर्थ इण्डिया 1955–75 ।*

शिल्पा मुखर्जी : *अरियल स्लेज इन अर्बन मोहल्ला : द न्यू डिजिटल सोनोटोफ ऑफ द आइटम नंबर एण्ड फीडबैक लूप।*

सत्र - 5, स्पाटियल इमेजिनरीस एण्ड रीजनल कल्चरस -१

कैथरीन हार्डी : *हाउ टू डू थिंग्स विंग्स विद वायरल वीडियो स्पैक्टैकुलर परफॉर्मेंटिविटी, ग्लोबल नेटवर्क एण्ड द रीजन।*

नियिकोली कोट्सु : *ऑडियो विजुअल कल्चर ऑफ नॉर्थ ईस्ट इंडिया।*

ससी किरण एम एंड सी यामिनी कृष्णा : *तेलुगु डिजिटल वीडियो कल्चर।*

सत्र - 6, स्पाटियल इमेजिनरीस एण्ड रीजनल कल्चरस -२

गौरव राजखोवा : *कन्ज्यूमिंग द एक्सडाकांथा : भूपेन हजारिका, द म्यूजिक मार्केट एण्ड असमीज नेशनलिज्म इन द 1990 डिकेट।*

जो क्रिस्टोफर : *एक्सपोटिंग द एक्सेसएण्ड इम्पोर्टिंग द सोल्यूशन्स : द रियल पोलिटिक इन द न्यू मीडिया तेलुगु स्टेट्स इन द ऐज ऑफ न्यू मीडिया।*

संगीत सत्र व्याख्यान प्रदर्शन

ज्योति सिन्हा : *भोजपुरी लोकगीतों का सौन्दर्य।*

प्रवीण जारेत : *पारंपरिक हिमाचली संगीत पर एक प्रस्तुति।*

सत्र - 7, प्रदर्शन और डिजिटल विवरण

वसुधा पाण्डे : *द मैनी लाइवस ऑफ कुमाउनी एपिक : राजुला मालुशाही फ्रॉम ओरल टू डिजिटल।*

ऐलिस सैमसन : *ए फिल्टर फॉर द सेल्फ : न्यू मीडिया इमरजिंग यूथ कल्चर।*

संप्रति मल्लदी : *डिजिटल कल्चरस एण्ड रीजनल परफॉर्मिंग ट्रेडिशनस।*

गोलमेज

रीजनल मीडिया : *एस्थेटिक्स एण्ड पॉलिटिक्स*

लक्ष्मी सुब्रह्मण्यम

टी टी श्रीकुमार

रविकांत

मधु मुखर्जी

अन्ना मोरकॉम

कथरीं हार्डी

अक्षय कुमार

3. 'प्योरिफाइंग द डायलैक्ट ऑफ द ट्राइब : क्रॉस-कल्चरल कन्सर्नस इन कलोनिअल एण्ड पोस्ट-कलोनिअल इण्डिया' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (17-19 मई 2017)

मूलाधार – इसमें काई शक नहीं कि आधुनिक भारत के विभिन्न क्षेत्र ब्रिटिश शासन के अधीन थे, मगर वे या तो दूसरी परस्पर संस्कृतियों के आधिपत्य में थे या उनके प्रति उनका विशेष झुकाव था। औपनिवेशिक आधुनिकता के आगमन से भाषाई (आधुनिक भारतीय भाषाएँ) राष्ट्रवाद, यूरोपीय (आधुनिक यूरोपीय भाषा) राष्ट्रवाद की प्रमुख नई विचारधाराओं में से एक रूप बन गया। ऐसा नहीं है कि, लगभग चार शताब्दियों में इन भाषाओं और उनकी संस्कृतियों (पाली, बौद्ध धर्म; फारस–अरबी, मुगल/इस्लाम) ने विविध सामाजिक और राजनीतिक दबावों के तहत उन्नयन नहीं किया था। लेकिन बदलते राज्यों और सल्तनतों में रहने वाले समुदायों को उनकी भाषाई पहचान के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी, और वे कुछ हद तक बहुभाषी थे। यूरोपीय उपनिवेशवाद के प्रभाव में भाषाई पहचान, दूसरे कारकों के साथ और दृढ़ हो गई। भारत में भाषाई राष्ट्रवाद के नवजात रूपों को स्थानीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन,

समय के साथ, वे नए, अखिल भारतीय उपनिवेशवाद–विरोधी संघर्षों के विरोध में पहचान के तौर–तरीकों में तबदील हो गए। फिर भी, यूरोपीय बंधनों से कभी छुटकारा नहीं मिला, एक राष्ट्रीय साहित्य में बंगला, कश्मीरी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, ओड़िया आदि विचार का अविर्भाव हुआ। इसके साथ ही स्वच्छंद पुनरीक्षण, अन्वेषण तथा अंग्रेजी शिक्षा के कारण प्रत्येक भारतीय भाषा की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति की नई पद्धतियों की एक शृंखला समाने आई। अतीत ओतप्रोत भी था और पुनः सृजित भी। आधुनिक और विदेशी संस्कृति का स्वागत किया गया उसे अपनाया गया।

जहां परंपरा, सामूहिक स्मृतियां तथा पहचान एक सामूहिक बहुभाषी की भावना के संदर्भ में विभिन्न भारतीय भाषाओं का रूप ग्रहण कर लेते हैं वहां इस पृष्ठभूमि के विरुद्ध, प्राथमिक और शायद मूल सवालों को प्राथमिक तौर पर साहित्य और साहित्यिक परंपराओं से संबंधित होना चाहिए। भारतीय होने का क्या मतलब है? साहित्य, और साहित्यिक, सांस्कृतिक परंपरा का इससे क्या लेना–देना है? भारतवासी विभिन्न भाषाएं बोलते और लिखते हैं, और फिर भी एक ही भाषा में विविध संस्कृतियां मौजूद रहती हैं जोकि एक बहुपार्श्व में समाहित होकर विशेष पहचान का निर्माण करती हैं। क्या उन्नीसवीं शताब्दी के बाद उन सभी प्रक्रियाओं की खोज करना संभव है?

सम्पूर्ण राष्ट्र, भाषिक, सांस्कृतिक विविधता के संदर्भ में भारतीय राजनैतिक एकता के ये बहुत गंभीर प्रश्न हैं जोकि इन महत्त्वपूर्ण प्रक्रियाओं में शामिल हैं या फिर सम्मिलित होंगे। राष्ट्रीय परंपराओं और अस्मिताओं के बीच सीमा रेखा के रूप में चिह्नित भाषाई और सांस्कृतिक असमानताएं हैं, फिर भी वे सीमा रेखाएं अक्सर धुंधली दिखाई देती हैं, ताकि अंतर हमेशा आसानी से न हो। दूसरी ओर, ऐतिहासिक रूप से स्तरीकृत भारतीय साहित्यिक निर्माण की परंपरा से पता चलता है कि सामान्य प्रतीक, विधा, लेखन की पद्धतियां आदि वे विषय हैं, जिन्हें समग्र रूप से एक साहित्यिक परंपरा में अलग–अलग भाषाओं में अभिव्यक्त माना जाना चाहिए।

विषय वस्तु और प्रश्न

- नए विषय, यूरोपीय शिक्षा और पाठ्य पुस्तकें।
- समाचार पत्र और आवधिक प्रेस, साहित्यिक आवधिक।
- पुरानी, स्वदेशी संज्ञानात्मक श्रेणी, साहित्य 'पदक साहित्यिक' की यूरोपीय धारणाएँ ।
- पारस्परिक रूप से सहजीवी भाषाई क्षेत्रों में 'साहित्यिक क्षेत्र,' और 'सांस्कृतिक राजधानी' का उदय।
- पुनर्वित्त और अतीत को समझना : क्षेत्रीय इतिहास से साहित्यिक इतिहास के अतीत को समझना और पुनः खोजना।
- भाषा–बोली विवाद
- परस्पर भाषाई अंतराफलक की नई शैली और परंपराएं
- गद्यात्मक भाषाई संस्कृतियों में गद्य और इसके उपयोग
- लोकप्रिय, लोक और मनोरंजन के अन्य रूप
- जाति, जनजाति और लिंग
- देशज/विदेशिया और जातीय और बेजतीय भास आदि।

17–19 मई 2017 के दौरान संस्थान में 'प्योरिफाइंग द डायलैक्ट ऑफ द ट्राइब : क्रॉस–कल्चरल कन्सर्नस इन कलोनिअल एण्ड पोस्टक्लोनिअल इण्डिया' विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्येता प्रोफेसर सुमन्यु सत्पति, संगोष्ठी के संयोजक थे। स्वागत भाषण संस्थान के अध्येता प्रोफेसर आनंद कुमार द्वारा

दिया गया। संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर सुमन्यु सतपति ने परिचयात्मक टिप्पणी दी। अंग्रेजी के तुलनात्मक साहित्य, किंग्स कॉलेज लंदन के प्रोफेसर जावेद मजीद द्वारा इस अवसर पर मुख्य भाषण प्रस्तुत गया था।

प्रतिभागी

- प्रोफेसर ई.वी. रामकृष्णन, प्रोफेसर एमेरिटस, केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजरात
- डॉ. रक्षंदा जलील, 46 नई मोती बाग, नई दिल्ली
- प्रोफेसर रेगेनिया गगनियर, अंग्रेजी विभाग, एक्सेटर विश्वविद्यालय, एक्सेटर
- श्री शस्वत पांडा, अंग्रेजी विभाग, कला संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- श्री उमाशंकर पात्रा, पीएचडी शोधार्थी, अंग्रेजी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- डॉ. ललित कुमार, अंग्रेजी विभाग, दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर मो. असदुद्दीन, अंग्रेजी विभाग, मानविकी एवं भाषा संकाय, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- प्रोफेसर जतिंद्र कुमार नायक, डेपा
- डॉ. आयशा मुखर्जी, अंग्रेजी विभाग, एक्सेटर विश्वविद्यालय, एक्सेटर
- डॉ. रनिता चटर्जी, अंग्रेजी और फिल्म विभाग, मानविकी महाविद्यालय, एक्सेटर विश्वविद्यालय
- डॉ. अनिमेष महापात्र, अंग्रेजी विभाग, दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, नई दिल्ली
- प्रोफेसर वेंडी सिंगर, इतिहास विभाग, केनियन कॉलेज, गैम्बियर
- डॉ. जागृति उपाध्याय, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, पुलिस, सुरक्षा और आपराधिक न्याय, जोधपुर
- प्रोफेसर तनुतृष्णा पाणिग्रही, मानविकी विभाग, अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान
- सुश्री मधुरा दामले, राजनीति विज्ञान विभाग, प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, कोलकाता
- प्रोफेसर एच.एस. शिव प्रकाश, संकायाध्यक्ष, कला एवं सौंदर्यशास्त्र विभाग, जवाहरलाल नेहरू, विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- डॉ. सोमा मुखर्जी, अंग्रेजी एवं अन्य आधुनिक यूरोपीय विभाग, विश्व भारती, शांति निकेतन
- डॉ. सबिहा हाशमी, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- प्रोफेसर एम. श्रीधर, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- प्रोफेसर अक्षय कुमार, अंग्रेजी और सांस्कृतिक अध्ययन विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- प्रोफेसर डेसमंड एल. खरमाव्फलंग, सांस्कृतिक और रचनात्मक अध्ययन विभाग, पूर्वोत्तर हिल विश्वविद्यालय, शिलांग
- प्रोफेसर चेतन सिंह, पूर्व निदेशक, भा.उ.अ.सं., शिमला
- प्रोफेसर के एम. बहरुल इस्लाम, अध्येता, भा.उ.अ.सं., शिमला
- प्रोफेसर पी. माधवन, अध्येता, भा.उ.अ.सं., शिमला

संगोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों ने निम्नलिखित शोधपत्र प्रस्तुत किए-

सत्र - 1

वेंडी सिंगर : *द री/इमर्जेंस ऑफ रीजनल लैंग्वेजिस : फ्रॉम कल्चर टू कोर्ट टू बिहार एंड तमिलनाडु।*

सत्र - 2

एम. श्रीधर : *रिफ्लैक्शन ऑन दी मॉडरन तेलुगु मूवमेंट।*

तनुत्रुष्णा पाणिग्रही : *मिशनरी इंटरफेस : असामीज एण्ड ओडिया लिटरेचर इन 19थ सेंचरी।*

शास्वत पांडा : *साँग ऑफ द जेल्ड बार्ड : ए स्टडी ऑफ टू इन्कारस्रेशन नैरेटिवस इन कलोनिअल इण्डिया।*

सत्र - 3

पुन्नप्पुरथ माधवन : *द लैंग्वेज ऑफ नॉलेज ऑन द पोस्टकलोनिअल क्वाल्मस।*

मधुरा दामले : *'कंटेमिनेंट फॉरेन लैंग्वेजिस' एण्ड द मराठी सेल्फ : लैंग्वेज पॉलिटिक्स इन कलोनिअल महाराष्ट्र।*

जागृति उपाध्याय : *लैंग्वेज पालिम्पेस्ट इन द दरोगा दशतारी बहि ऑफ द मारवाड़ रीजन।*

सत्र - 4

रेगेनिया गगनियर : *ट्रांसकल्चरल पॉलिटिकल लैंग्वेजेस।*

सोमा मुखर्जी : *कंपेरिटिव लिटरेचर एण्ड इट्स रेलेवेंस इन इण्डियन लिटरेचर।*

सत्र - 5

ई.वी. रामकृष्णन : *इंपीरियल इमेजिनरी एंड द आइडिया ऑफ द लिटरेरी।*

आयशा मुखर्जी : *अगरेरियन रिफॉर्म एण्ड मल्टी–लिंगुअल नॉलेज इन अर्ली कलोनिअल इण्डिया।*

सत्र - 6

जतिंद्र के नायक : *आइडैंटिटी, लैंग्वेज एण्ड प्रिंट कल्चर : द मूमेंट ऑफ उत्कल साहित्य।*

अक्षय कुमार : *इण्डियन लिटरेचर : कंफिगरेशनस ऑफ कॉस्मोपोलिटन वर्नाक्युलर।*

सबिहा हस्मी : *हिन्दी इन बिहार : कलोनिअल लैगेसी टू पीपलस लैंग्वेज।*

सत्र - 7

एच. एस. शिवप्रकाश : *ट्रेसिंग द ऑरिजन ऑफ नैरेटिव मॉडरनिटी इन कन्नड़ा लिटरेचर एण्ड थियेटर।*

रनिता चटर्जी : *कल्चरल नैशनलिज्म एण्ड द फॉरमेशन ऑफ ए ''बंगाली'' सिनेमा इन कलोनिअल कलकत्ता।*

सत्र - 8

मोहम्मद असदुद्दीन : *द प्लेस ऑफ ट्रांसलेटिड लिटरेचर इन लिटरेरी हिस्टोरिग्राफी।*

अनिमेश महापात्र : *इंटरकल्चरल जेनालजीस : ए स्टडी ऑफ एन अर्ली मल्टीलिंगुअल कम्पेरेटिस्ट।*

सत्र - 9

बहरुल इस्लाम : *सोसिआ–पॉलिटिकल एप्परोपरिएशन ऑफ ए डॉइलैक्ट : द केस ऑफ सिलहेती डाइलैक्ट एण्ड आइडैंटिटी क्वेश्चन इन असाम।*

डेसमंड खर्माफलंग : *रेजिमेन ऑफ रेसिस्टेंस : कोडीजिंग खासी ओरल लिटरेचर।*

ललित कुमार : *बैटल ऑफ स्क्रिप्टस : इमरजेंस ऑफ मॉडरनमैथिली।*

सत्र - 10

रक्षंदा जलील : *इन द साइज ऑफ द साइलेंट : डिडक्टिक राइटिंग फॉर वीमेन इन अर्ली उर्दू लिटरेरी जर्नल्स।*

उमाशंकर पात्र : *पॉयटस एण्ड आर्बिटरस : मॉडरनिटी एण्ड लिटरेचर मार्केटप्लेस इन ओड़िशा एण्ड बंगाल।*

समापन सत्र

आरुणि महापात्रा : *नॉवेलिस्ट, नैशनलिस्ट्स एण्ड रीडरस : बंकिमचंद्र चटर्जी एण्ड फकीर मोहन सेनापति* (स्काइप)

4. चम्पारण शताब्दी के अवसर पर 'गाँधी एण्ड द चम्पारण सत्याग्रह : एन एन्डिवर, ए लैगेसी एण्ड कंटेम्परेरी इण्डिया' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी (29-31 मई 2017)

मूलाधार – अहिंसा के माध्यम सत्य को जानने के लिए सत्याग्रह एक व्यक्तिगत और सामूहिक खोज है। 20वीं सदी के पहले दशक में गाँधीजी द्वारा दक्षिण अफ्रीका में पहली बार सत्याग्रह प्रयोग किया गया और बाद में जातिवाद, नस्लवाद, लिंगवाद, औपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद, पारिस्थितिक अवमूल्यन तथा सरकारी दमन के शिकार हुए लोगों द्वारा विभिन्न परिस्थितियों में न्याय तथा आत्म–सम्मान पाने के लिए विश्व भर में इसका प्रयोग किया गया।

आधुनिक समय में भारतवासियों तथा भारतीय राजनीति ने सत्याग्रह से स्वयं को सब से पहले तब जोड़ा जब गाँधीजी ने माह अप्रैल तथा नवंबर, 1917 के दौरान बिहार की ग्रामीण जनता की शिकायतों के अनुरूप बिहार के चंपारण में इसका प्रयोग किया। गाँधीजी ने अपनी आत्मकथा में लिखा है, चंपारण में वह दिन मेरे जीवन में एक अविस्मरणीय घटना है। किसानों और मेरे लिए तो यह एक लाल–पत्र दिवस है। एकीकृत पहल के रूप में यहां उन्होंने एक सामान्य मंच पर स्थानीय अभिजात वर्ग, वकीलों, राष्ट्रीय नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पीड़ित किसानों को इकट्ठा कर अन्यायपूर्ण कानूनों के खिलाफ लड़ाई। उन्होंने पीड़ित पुरुषों और महिलाओं के जीवन की स्थितियों को सुधारने के लिए कई तरह के रचनात्मक कार्यक्रमों की शुरुआत की।

आगामी दशकों में, ब्रिटिश राज से स्वतंत्रता के लिए भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के हिस्से के रूप में, गाँधीजी ने राष्ट्रीय प्रतिरोध आंदोलन के लिए रचनात्मक कार्यक्रमों के संयोजन में सत्याग्रह के प्रयोग का विस्तार और प्रसार किया। इस प्रक्रिया में उन्होंने मिल–मजदूर सत्याग्रह (अहमदाबाद, 1918), असहयोग आंदोलन (1921), वैकोम सत्याग्रह

(1924), बारडोली सत्याग्रह (1928), नमक सत्याग्रह (1930), और भारत छोड़ो आंदोलन (1942) जैसे चालीस से अधिक आंदोलनों की शुरूआत कर उनका नेतृत्व और मार्गदर्शन किया। भारत को लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में उभरने में मदद करने वाले विभिन्न कारकों में, सत्याग्रह निश्चित रूप से महत्त्वपूर्ण और लाभदायक कारक है।

स्वतंत्रता के पश्चात, विभिन्न मुद्दों और समस्याओं को हल करने के लिए राजनीतिक समुदायों और नागरिक समाज के भीतर विभिन्न संगठनों और समूहों द्वारा सत्याग्रह की प्रथा जारी रही है। हालाँकि कहीं न कहीं प्रयासों की अधिकता में, ऐसा लगता है, कि सत्याग्रह की मुख्य संवेदनशीलता या तो विफल गई है, जलमग्न गई है, या फिर दिशाहीन हो गई है। इसलिए समय आ गया है कि गाँधीजी और उनकी सत्याग्रह की राह के बारे में पुनर्विचार करें क्योंकि गाँधी और सत्याग्रह दोनों से प्रेरणा लेने की निरंतरता अक्षीण रहती है।

चंपारण शताब्दी का अवसर हमें सत्याग्रह के व्यापक और जटिल कैनवास और कथानक का अवलोकन करने का अवसर प्रदान करता है। हम विभिन्न विषयों और क्षेत्रों के जानकार व्यक्तियों को समग्र रूप से सत्याग्रह के भूत, वर्तमान और भविष्य के निम्नलिखित पहलुओं पर एक साथ देखने का प्रस्ताव करते हैं–

क) 1917 के चंपारण सत्याग्रह के संदर्भ, सामग्री तथा प्रभाव को समझना

ख) सत्याग्रह शताब्दी भारत में सत्याग्रह (1917–2017) के उपरांत सामूहिक गतिविधियों का एक रूप।

ग) सत्याग्रह एवं सर्वोदय – गाँधीजी के बाद भारत में प्रमुख अवधारणाएं, प्रथाएं तथा पेशेवर।

घ) चंपारण में गाँधीजी के बाद से सत्याग्रह और लोकतांत्रिक राष्ट्र–निर्माण के बारे में विमर्श।

ङ) सत्याग्रह की नैतिकता, दर्शन और राजनीति : पिछला कल, आज और अगला कल।

